# दैनिक सामयिकी: १६.०४.२०२१

## 1. सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य डिजिटल प्लेटफॉर्म “मानस” (MANAS) को प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने लॉन्च किया



- भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो के विजयराघवन ने सभी आयु समूहों की देखभाल के लिए “मानस” ऐप को लॉन्च किया।
- **मानस, मानसिक स्वास्थ्य और सामान्य स्वास्थ्य प्रणाली (मेंटल हेल्थ एंड नोर्मलसी ऑग्मेंटशन सिस्टम)** के लिए काम करता है। उसे प्रधानमंत्री के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (PM-STIAC) द्वारा एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- मानस एक व्यापक विस्तार करने वाला राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे भारतीय नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक ऐप के रूप में विकसित किया गया है।
- मानस को विकसित करने की पहल भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय द्वारा की गई थी। इसे **NIMHANS बेंगलुरु, AFMC पुणे और C-डैक बेंगलुरु** द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- **नोट:** भारत में, **मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017,** 7 अप्रैल 2017 को पारित किया गया और 29 मई 2018 से लागू हुआ।

## 2. NCSC ने अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों के लिए "ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन पोर्टल" का शुभारम्भ किया




- भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की 130 वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा आयोजित एक समारोह में केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी, विधि और

न्याय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने **"राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) के ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन पोर्टल"** का शुभारंभ किया।


- **NCSC शिकायत प्रबंधन पोर्टल** से देश की अनुसूचित जाति की लोगों के लिए देश के किसी भी हिस्से से अपनी शिकायत दर्ज कराना आसान हो जायेगा।
- भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियोइन्फॉर्मेटिक्स (BISAG-N), भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत उत्कृष्टता केंद्र के सहयोग से बनाया गया पोर्टल, शिकायतों के शुरूआत से अंत तक शिकायतों और उनकी निगरानी की ई-फाइलिंग की सुविधा प्रदान करेगा।
- **राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) के बारे में**: यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत स्थापित किया गया था।
  **मुख्यालय:** नई दिल्ली
  **स्थापना:** 19 फरवरी 2004
  **अध्यक्ष:** विजय सांपला

## 3. केंद्रीय कृषि मंत्रालय और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने 6 राज्यों के 100 गांवों में एक पायलट प्रोजेक्ट के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) की शुरुआत की



- फसलोपरांत प्रबंधन एवं वितरण सहित स्मार्ट एवं सुव्यवस्थित कृषि के लिए किसान इंटरफेस विकसित करने हेतु **6 राज्यों (उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान व आंध्रप्रदेश) के 10 जिलों में चयनित 100 गांवों** में पायलेट प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए माइक्रोसाफ्ट आगे आया है।
- इस प्रोजेक्ट के लिए माइक्रोसॉफ्ट अपने स्थानीय भागीदार, क्रॉपडेटा के साथ शामिल हुआ है।
- यह परियोजना किसानों के लिए इनपुट लागत को कम करेगी और खेती को आसान बनाएगी।
- सरकार का उद्देश्य असंगत सूचना की समस्या दूर करके किसानों की आय में वृद्धि करना है। इस संबंध में एक प्रमुख पहल **राष्ट्रीय कृषक डेटाबेस पर आधारित कृषि-कोष** बनाना है।
- **नोट: कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर** ने हाल ही में नर्सरी ऑपरेटरों को उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा विकसित एक '**राष्ट्रीय नर्सरी पोर्टल**' लॉन्च किया है।

## 4. उधमपुर ने २०२०-२१ के दौरान  को सफलतापूर्वक लागु करने के लिए राष्ट्रीय स्टार पर शीर्ष स्थान हासिल किया




- **केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के उधमपुर जिले** ने 2020-21 के दौरान **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY)** को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- 2020-21 में जिले ने 560.49 किलोमीटर सड़क बनाने के लिए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- हालांकि, केंद्रशासित प्रदेश के चार और जिले भी देश के 30 जिलों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले PMGSY की सूची में शामिल हैं। इसमें जम्मू और कश्मीर के जम्मू संभाग के राजौरी, डोडा, कठुआ और रियासी जिले शामिल हैं।
- **PMGSY ने तहत, उच्चतम सड़क की लंबाई विकसित करने के लिए छत्तीसगढ़ ने सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में पहला स्थान हासिल किया, उत्तराखंड ने दूसरा, जम्मू और कश्मीर ने तीसरा।**
- **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के बारे में तथ्य:** यह भारत में एक राष्ट्रव्यापी योजना है, जो असंबद्ध गांवों को अच्छी ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी प्रदान करती है।

    **स्थापना:** 25 दिसंबर 2000

    **(प्रधानमंत्री) द्वारा शुरू की:** अटल बिहारी वाजपेयी

    **मंत्रालय:** ग्रामीण विकास मंत्रालय

## 5. भारत ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन-2021 पर राष्ट्रीय वार्ता का आयोजन किया

- **कृषि-खाद्य प्रणाली-उन्नतशील आजीविका** पर पहली राष्ट्रीय स्तर की वार्ता 12 अप्रैल, 2021 को आयोजित की गई।

- राष्ट्रीय संवाद, कृषि विभाग और किसान कल्याण विभाग द्वारा गठित अंतर विभागीय समूह और दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा सुविधा प्रदान की गई थी।




- **नोट: संयुक्त राष्ट्र महासचिव** ने **सितंबर 2021** में आयोजित होने वाले **प्रथम संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन** का आह्वान किया है ताकि विश्व में कृषि-खाद्य प्रणालियों में सकारात्मक बदलाव की रूपरेखा बनाने के लिए **2030 के सतत विकास के लक्ष्य** के दृष्टिकोण का एहसास हो सके।
- शिखर सम्मेलन-2021 को अनिवार्य रूप से भागीदारी और परामर्शी बनाने की योजना है। इसमें राष्ट्रीय, उप-राष्ट्रीय (राज्य स्तर) के माध्यम से **सुरक्षित और पौष्टिक भोजन, टिकाऊ खपत पैटर्न, प्रकृति के अनुकूल उत्पादन, अग्रिम निष्पक्ष आजीविका और कमजोरियों, संघर्ष और तनाव के प्रति लचीलापन से संबंधित पांच कार्यवाही** के रास्ते के लिए स्वतंत्र परामर्श अनुभवों से बड़े परिवर्तन के विचारों की आवश्यकता है।

## 6. अमरीका के राष्ट्रपति ने 11 सितम्बर, 2021 से पहले अफगानिस्तान से अमरीकी सैनिकों की वापसी की औपचारिक घोषणा की






- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 11 सितंबर, 2021 से पहले अफगानिस्तान से अमरीकी सैनिकों को वापस बुलाने के अपने फैसले की औपचारिक रूप से घोषणा की, जो वर्ल्ड ट्रेड सेण्टर पर 11 सितंबर, 2001 को आतंकवादी हमले की 20वीं बरसी है।
- **नोट:** अमेरिका और उसके NATO सहयोगियों ने फरवरी 2020 में अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को वापस लेने के लिए तालिबान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, अगर तालिबान कुछ पूर्व शर्तों को पूरा करता है।
- **NATO (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन)** एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन है जिसमें उत्तरी अमेरिका और यूरोप के 30 सदस्य देश शामिल हैं। यह 4 अप्रैल 1949 को उत्तरी अटलांटिक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए स्थापित किया गया था।
- **अफगानिस्तान के बारे में तथ्य:**
  **राष्ट्रपति:** अशरफ गनी
  **राजधानी:** काबुल

**मुद्रा:** अफगान अफगानी

## 7. हैती के प्रधान मंत्री जोसेफ जुट ने अपने पद से स्तीफा दे दिया



- जोसेफ जूथ मार्च 2020 से प्रधानमंत्री के पद पर थे।
- राष्ट्रपति ने **क्लॉड जोसेफ को हैती का नया प्रधानमंत्री मनोनीत** किया है।
- **नोट:** हैती में 2015 से अब तक आठ प्रधानमंत्री बने हैं।
- **हैती के बारे में तथ्य:**
  **राजधानी:** पोर्ट-ए-प्रिंस
  **राष्ट्रपति:** जोवेनल मोसी
  **मुद्रा:** हैतियन गौरदे

## 8. प्रख्यात इतिहासकार योगेश प्रवीण का निधन



- प्रख्यात इतिहासकार और अवध के एक विशेषज्ञ, विशेष रूप से लखनऊ, योगेश प्रवीण का निधन हो गया।
- श्री योगेश प्रवीण को अवध, विशेषकर लखनऊ की संस्कृति और इतिहास का गहरा ज्ञान था।
- उन्हें 2019 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- किताबों के अलावा उन्होंने कविता भी प्रकाशित की। उन्हें यूपी रत्न पुरस्कार (2000), राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार (1999), यश भारती पुरस्कार (2006), और यूपी संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1998) सहित कई अन्य पुरस्कार मिले थे।